हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 जनवरी 2024

11 पूर्व विधायक ने पटवारियों के आंदोलन को दिया समर्थन



12 सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं पात्र लाभार्थी



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर वायु के लिए आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि अग्निवीर योजना के तहत भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर वायु प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरूष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 17 जनवरी से 6 फरवरी तक किया जाएगा, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से आयोजित होगी।

### कानों की जांच का कैंप 14 जनवरी को

**सिरसा।** टाइम हेल्थ केयर चंडीगढ़ द्वारा स्थानीय रामा ऑप्टिकल्स पर कान की जांच का निःशुल्क कैंप 14 जनवरी को मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में लगाया जाएगा। इस सिलसिले में रामा ऑप्टिकल के संचालक रामकृष्ण गोयल ने बताया कि इस कैंप में टाइम हेल्थ केयर कंपनी के टीम ऑडियोलॉजिस्ट राकेश कुमार कान के रोगियों की जांच करेंगे।

### निजी स्कूल से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस को दी शिकायत में गांव डूल्ट निवासी कृष्ण कुमार ने कहा है कि वह भट्टू में एक स्कूल चलाता है। गत दिवस रात को अज्ञात चोर उसके स्कूल में घुस गए और वहां से चार बैटरियां, सोलर सिस्टम, कैमरों की डीवीआर, एलसीडी व अन्य जरूरी कागजात चोरी कर ले गए।पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एससी एसटी कमेटी की मीटिंग में पहुंचे विधायक

**रतिया।** रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने आज पोर्ट ब्लेयर सचिवालय में विधानसभा कमेटी की तरफ से एससी एसटी कमेटी की मीटिंग में विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने अधिकारियों से सकारात्मक संवाद किया और उनसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी की।

### काजलहेड़ी में घर से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव काजलहेड़ी निवासी विनोद कुमार ने कहा है कि रात को चोर उसके घर में घुस गया और घर से ट्रैक्टर की बैटरी, दो मोबाइल फोन, टूल बॉक्स व 1500 रुपयसे की नकदी चोरी कर ले गया। पुलिस ने आरोपी मोनू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा दो मोबाइल फोन, ट्रैक्टर की बैटरी, टूल व नगदी बरामद कर लिया है।

### पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के आरोप में फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम कुलवन्त सिंह निवासी ढाणी सोहन सिंह, गांव खुनन बताया है। थाना सदर रतिया में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसके खिलाफ आगामी कार्यवाही शुरु कर दी है। एंटी नारकोटिक पुलिस टीम एएसआई कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 5.30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### खैरपुर में कपड़ों की दुकान में चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** सिविल लाइन सिरसा पुलिस ने एमसी कालोनी निवासी श्वेता पुत्री विजय धमीजा की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में श्वेता ने बताया कि उसकी पुरानी पुलिस चौकी वाली गली में कपड़ों की दुकान है। वह 6 जनवरी को दुकान मंगल करके रिश्तेदारी में बाहर गई थी। सोमवार को जब वह दुकान पर आई तो दुकान के ताले खुले हुए मिलें। दुकान से अज्ञात व्यक्ति 31 सूट चुरा ले गया, जिनकी कीमत 35-40 हजार रुपये है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डिप्टी सीएम ने कहा-शहरों की तर्ज पर करवाया जा रहा गांवों का विकास

# 174 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

- प्रदेश के 108 गांवों में सीवरेज प्रणाली विकसित की जा रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि प्रदेश सरकार एक मजबूत व्यवस्था बनाकर गांवों का शहरों की तर्ज पर विकास करवा रही है। गांवों के आधारभूत ढांचे के विकास के लिए अनेक परियोजनाए लागू की है। प्रदेश के 108 गांवों में सीवरेज प्रणाली विकसित की जा रही है और गांवों में एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मंगलवार को टोहाना विधानसभा क्षेत्र के गांव पिरथला में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन भी किया। उपमुख्यमंत्री ने टोहाना विधानसभा क्षेत्र के 174 करोड़ 61 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास भी किए।

जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार ने एक नई व्यवस्था बनाकर हर क्षेत्र में काम को आगे बढ़ाया है। प्रदेश में 11 एक्सप्रेस हाइवे बनाये जा रहे हैं। डबवाली से पानीपत तक बनने वाले हाईवे का काम जल्द शुरू होगा, उसका टोहाना विधानसभा क्षेत्र को भी लाभ होगा। 35 नेशनल हाइवे पर काम चल रहा है। सड़कों का जाल बिछाकर कनेक्टिविटी को मजबूत किया गया हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र के विधायक को 25-25 करोड़ रुपये मंजूर करके क्षेत्र के सड़कों के विकास कार्य कराये हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने लोगों में भ्रम फैला रहा है कि पोर्टल से लोगों को परेशानी हो रही हैं, जबकि सच्चाई ये है कि पोर्टल के माध्यम से लोगों को योजनाओं का लाभ मिलना सरल हुआ है। लोगों को अब योजना का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से लोगों को स्वतः ही पेंशन बन रही है और राशन कार्ड बनाने का काम सरल हुआ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीपीएल का दायरा बढ़ा है।



टोहाना। विकास कार्यों का उद्घाटन करते उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, साथ में हैं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली। फोटो : हरिभूमि

### पंचायती राज सिस्टम हुआ मजबूत

डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पंचायती राज सिस्टम को मजबूती दी है। 2000 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से गांवों को ग्रांट जारी की जा रही है। जनसंख्या के आधार पर गपंचायतों को वित्तीय सहायता के लिए ग्रांट दी है। उन्होंने कहा कि बीसीए वर्ग को आठ प्रतिशत और महिलाओं को पचास प्रतिशत पंचायती राज संस्थाओं में आरक्षण दिया गया है। राशन डिपो में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया देकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मनरेगा के तहत सबसे ज्यादा मजदूरी देने वाला राज्य हरियाणा है। हरियाणा के मजदूरों को 357 रुपये दिहाड़ी दी जा रही है।

### लोगों के हित में काम कर रही सरकार

पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि गठबंधन की सरकार लोगों के हित में काम कर रही है। गली-नाली के विकास से आगे गांवों में 9 सूत्री कार्यक्रम पर काम किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से भाई चारा बनाये रखने की अपील करते हुए जल संरक्षण और पर्यावरण के लिए काम करने का आह्वान किया। पंचायत मंत्री ने कहा कि चुनावों के समय जजपा जो वायदे किए थे उस पर गठबंधन की सरकार में काम किया गया है। इस अवसर पर जजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य कुलजीत कुलडिया, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र लेगा, जिला अध्यक्ष रविन्द्र बेनीवाल, कार्यकारी अभियंता केसी कंबोज, डीएफएससी विनीत जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और अधिकारी मौजूद रहे।

### इन परियोजनाओं की हुई शुरूआत

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मंगलवार को टोहाना विधानसभा क्षेत्र की 174 करोड़ 61 लाख रुपये लागत की 5 परियोजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन किए। इस अवसर पर उनके साथ विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, जजपा के प्रदेश अध्यक्ष स. निशान सिंह भी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने 3 करोड़ 60 लाख 66 हजार रुपये से 2.555 किलोमीटर मामुपुर से चुहड़पुर वाया नड़ैल रोड के मजबूतीकरण व चौड़ा करने तथा 149 करोड़ 63 लाख रुपये से 30.14 किलोमीटर एनएच148बी सुरेवाला चौक से हरियाणा-पंजाब बोर्डर का शिलान्यास किया। उन्होंने 70 लाख 85 हजार रुपये की लागत से 0.90 किलोमीटर के उकलाना-भूना रोड से ढाणी गोपाल रोड तथा 19 करोड़ 16 लाख 56 हजार रुपये से 21.60 किलोमीटर के टोहाना-सनियाना रोड के मजबूतीकरण व चौड़ा करने कार्य तथा 1 करोड़ 50 लाख 66 हजार रुपये से 1.59 किलोमीटर के नये बने मामुपुर से कुदनी हैड रोड का उद्घाटन किया।

# नगर निकाय मंत्री से मिले नप प्रधान खिंची

## विकास कार्यों को लेकर की चर्चा



फतेहाबाद। नगर निकाय मंत्री से बातचीत करते नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिंची।

- शहर में जल्द सफाई अभियान चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगर परिषद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची ने नगर निकाय मंत्री कमल गुप्ता से हिसार में मुलाकात की। प्रधान खिंची ने मंत्री कमल गुप्ता के साथ करीब 15 मिनट तक शहर के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। मंत्री कमल गुप्ता ने नगर परिषद प्रधान को आश्वासन दिया कि शहर में विकास कायार्े को लेकर बजट की कमी नहीं आने दी जाएगी। मंत्री ने शहर में सफाई अभियान को लेकर लोगों को जागरूक करने को लेकर भी चर्चा की। मंत्री के साथ प्रधान खिंची की मुलाकात को लेकर चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है। नगर परिषद राजेंद्र सिंह खिंची ने मंत्री कमल गुप्ता को बताया कि शहर में बड़े स्तर पर जल्द सफाई अभियान चलाया जाएगा। पिछले दिनों नगर निकाय के निर्देश भी अभियान चलाया गया, जिसमें सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं को भी जोड़ा गया था। शहर के मुख्य चौराहों में सीसीटीवी लगाने और ट्रेफिक कंट्रोल को लेकर लाइट लगाने का प्रस्ताव बैठक में पास किया जा चुका है। शहर के हिसार-सिरसा रोड पर डिवाइडर के विस्तारीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग को भी लिखा जा चुका है।

# युवाओं को किया नशा न करने के प्रति जागरूक



सिरसा। नशामुक्ति कार्यक्रम को संबोधित करते लाल बहादुर बैनीवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्थानीय रानियां बाजार स्थित रेडक्रॉस भवन में नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने रेडक्रॉस भवन में प्रोफेशनल प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में मादक पदार्थों का सेवन एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। युवाओं का एक बड़ा वर्ग इसकी चपेट में आ गया है। नशा समाज के लिए अभिशाप है, नशा हमारे देश को खोखला करता जा रहा है। विशेषकर युवा पीढी को नशे की लत से दूर रहना चाहिए तथा आगे बढ़कर नशा न करने बारे अन्य लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। जिस घर में नशा होता है उस घर का नाश निश्चित है। रेडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को नष्ट कर रहा है तथा इसके दूरगामी दुष्परिणाम होते हैं। नशा व्यक्ति को धीरे-धीरे निगल जाता है और उसके जीवन को हर तरह से बर्बाद कर देता है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें किसी नशा करने वाले व्यक्ति का पता चले तो उसे तुरंत नशामुक्ति केंद्र में भर्ती करवाकर समाज सेवा में अपनी अहम भूमिका अदा करें। इस अवसर पर प्रतिभागियों को शपथ दिलवाई गई कि वह किसी भी तरह का नशा नहीं करेंगे।

# भ्रष्टाचार को दिया जा रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगर परिषद में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग को लेकर लघुसचिवालय में धरनारत समाजसेवी गुरलाल सिंह ने कहा कि वह भ्रष्टाचार को रोकने के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन प्रशासन ने भ्रष्टाचार को रोकने की बजाय एक बार फिर से सफाई के नाम पर 9 करोड़ रुपए का टेंडर उसी फर्म को देने की तैयारी कर ली है। इससे साबित होता है कि प्रशासन की शह पर ही शहर में भ्रष्टाचार का खेला चल रहा है। गुरलाल सिंह ने कहा कि वह जिला उपायुक्त से मिलकर इस पूरे मामले से अवगत करवा चुका है, लेकिन बावजूद इसके प्रशासन की ओर से इस ओर गौर करने की बजाय भ्रष्टाचार के इस खेल को और अधिक बढ़ाया जा रहा है।



सिरसा। लघु सचिवालय में धरने पर बैठे गुरलाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# मोघा रद नहीं किया तो जिला मुख्यालय पर डालेंगे पड़ाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा मेजर नहर से पब्लिक हेल्थ विभाग की ओर से पास किए गए मोघे के विरोध में दर्जनों गांवों के ग्रामीणों द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में दिया जा रहा धरना मंगलवार को भी जारी रहा। साथ ही किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस मामले का प्रशासन ने हल नहीं किया तो वे जिला मुख्यालय पर पड़ाव डालेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि इस मोघे के कारण गांव बाजेकां, फूलकां, अलीमोहम्मद, नेजिया, चाडीवाल, बेगू, सिकंदरपुर, वैदवाला, कंगनपुर, खाजाखेड़ा व रंगड़ी सहित दर्जनों गांव प्रभावित होंगे। बाजेकां से प्रधान गुरादिता, भजनलाल, दलीप, बाजेकां से लेखराज, वरयामचंद, पप्पूराम, प्रकाश भुकर, रमेश, फूलकां से जगतपाल, मदनलाल, संदीप कुलड़िया, साधु, मनदीप, माडूराम, रामकिशन फौजी वैदवाला, जयमल सिकंदरपुर आदि ने विरोध किया।





सिरसा। मेजर नहर से डेरा के लिए मंजूर किए गए मोघे का धरना देकर विरोध जताते विभिन्न गांवों के किसान। फोटो : हरिभूमि

# डीआरएम ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

- अमृत भारत योजना के तहत डबवाली रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

अमृत भारत योजना के तहत डबवाली रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। रेलवे स्टेशन की नई व्यवस्थाएं व यहां चल रहे कायार्ें का निरीक्षण करने के लिए बीकानेर डिवीजन के डीआरएम आशीष कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने मंगलवार को स्टेशन का दौरा किया। इस टीम ने यहां चल रहे विभिन्न कायोर्ं का निरीक्षण किया व अधिकारियों को उचित निर्देश दिए। व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद डीआरएम आशीष कुमार ने बताया कि डबवाली रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत विशेष कार्य चल रहे हैं जिसके तहत नए भवन, प्लेटफॉर्म शेल्टर आदि बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्टेशन का कायाकल्प होगा और यह कार्य मार्च तक मुकम्मल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि डबवाली रेलवे स्टेशन के माल उतारी व लदान के काम को फिलहाल यहां से शिफ्ट करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि फुट ब्रिज व अंडर ब्रिज को लेकर भी कोई डिमांड उनके पास नहीं आई है। डिमांड आने पर विचार किया जाएगा।



सिरसा। रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए डीआरएम बीकानेर। फोटो : हरिभूमि

## रामानंद सरस्वती के निर्वाण दिवस पर शिवकथा का हुआ समापन

# सत्संग में भाग लेने से संवरता है जीवन : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जब भी हमें समय मिले हमें सत्संग में सहभागिता करनी चाहिए क्योंकि इससे जीवन संवरता है। यह बात सांसद सुनीता दुग्गल ने रामनिवास मोहल्ला में स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में पंडित तुलसीदास रामानंद सरस्वती के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित शिव कथा के समापन समारोह पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शिव कथा में आता है कि उमा कहूं मैं अनुभव अपना सत हरि भजन जगत सब सपना अर्थात जो कमाई हरिनाम सिमरन की करते हैं, वहीं सत्य है तथा यह जगत एक सपने के समान है, जब मनुष्य जागता है तो यह सपना टूट जाता है। इसलिए हमें सत्संग और हरिकथा में जाकर नाम की कमाई का संचय करना चाहिए जिससे हमारे लोक और परलोक संवर जाएं।

स्वामी गोपालानंद की अध्यक्षता में पांच दिन तक चली शिव कथा में महामंडलेश्वर स्वामी यमुनापुरी जी महाराज ने भजनों और प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को निहाल किया। समापन अवसर पर समाजसेवी देवीदयाल तायल, सुभाष गर्ग, किशन नारंग, सत्यप्रकाश गुप्ता, राकेश बंसल, टेकचंद मिढ़ा, हैप्पी शर्मा कोटकपुरा, तुलसीदास रहेजा, भीमसैन असीजा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर यमुनापुरी महाराज ने कहा कि मनुष्य को हमेशा संत का संग करना चाहिए क्योंकि संत ही मनुष्य को परमात्मा प्राप्ति का मार्ग दिखाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत देश की संस्कृति इतनी महान है कि नारी की रक्षा करने को लेकर पशु पक्षी भी आगे आते हैं। उन्होंने इसका उदाहरण देते हुए बताया कि रामायण में जब माता सीता का रावण हरण करके ले जा रहा था तो जटायु माता सीता की रक्षा को आगे आया और रावण से युद्ध किया।

इस अवसर पर लख्मीचंद सरदाना, जगत रुखाया, विजय बांगा, वेद नारंग, प्रवीण जिंदल एडवोकेट, बबलू जिंदल एडवोकेट, डॉ. हंसराज कथूरिया, पूर्व पार्षद राकेश गंभीर, पंडित राकेश शर्मा, पंडित मोनू, सतीश वधवा, निर्मल कथूरिया, हंसराज नारंग, हंसराज असीजा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।



फतेहाबाद। श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद सुनीता दुग्गल। फोटो : हरिभूमि

# उपायुक्त ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किए। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि ठंड को ध्यान में रखते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा समय-समय पर गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किए जाते हैं, जिससे गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की जान ठंड के प्रकोप से बचाई जा सके। शहर में रोजाना ऐसे जरूरतमंदों की निगरानी की जाती है और उन्हें कंबल वितरित किए जाते हैं। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है। मानवता की भलाई के लिए कार्य करना परोपकार है, इसलिए सभी को भलाई का कार्य करना चाहिए। उन्होंने जिला की सभी सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे सर्दी के मौसम में गरीबों, जरूरतमंदों को सहायता के लिए आगे आए।

## खबर संक्षेप

### सब तहसील कार्यालय से बैंटरियां चोरी

**यमुनानगर।** गांव सलेमपुर निवासी मनीत शर्मा ने बताया कि वह सब तहसील कार्यालय साढौरा में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी करता है। पांच जनवरी को वह कार्यालय बंद करके घर चला गया था। सुबह नायब तहसीलदार के रीडर का फोन आया कि तहसील कार्यालय का दरवाजा टूटा पड़ा है।जांच करने पर तहसील कार्यालय से 16 बैंटरियां गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### इंद्र इंटरप्राइजिज फैक्टरी से लाखों के तार चोरी

**यमुनानगर।** जय सिटी जगाधरी निवासी संदीप कुमार ने बताया कि उसकी बाढ़ी माजरा गधौली का माजरा में इंद्र इंटरप्राइजिज के नाम से फैक्टरी है। सात जनवरी की रात को चोरों ने उसके फैक्टरी से बायलर, पैनल, फिल्म फेस ड्रायर, केटल की तारें चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब सात लाख रुपये है।

### नागरिकों को मिल रहा लाभ

**नारायणगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव मुन्नामाजरा तथा बाकरपुर में किया गया। इस अवसर निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए बिचौलियों को खत्म करने का कार्य किया है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचे।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**पानीपत।** हरिद्वार हाईवे पर कार की टक्कर लगने से 19 वर्षीय मोहित निवासी गांव अबदान नगर हुलानी जिला शामली, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। मोहित के पिता जसबीर की शिकायत पर थाना सनौली खुर्द पुलिस ने अज्ञात कार के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

# फौज से रिटायर कैप्टन मेवा सिंह ने पेश की जज्बे की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

▪ गांव को बनाया सबसे स्वच्छ, शहर की तर्ज पर गांव में है सीवरेज सिस्टम

कहते हैं कि जब इंसान ठान ले तो सब कुछ कर सकता है। ऐसी ही एक जज्बे और हौसले की मिसाल पेश की है कुरुक्षेत्र के डेरा कुंदनपुर लुखी के निवासी कैप्टन मेवा सिंह ने जिन्होंने अपनी मिट्टी का कर्ज चुकाने के लिए गांव का पूरा हुलिया बदल दिया। एक और जहां ग्रामीणों को विकास कार्यों के लिए सरकार की ओर देखना पड़ता है, लेकिन इन्होंने अपने दम पर गांव को न केवल सबसे साफ सुथरा बनाया बल्कि शहर की तर्ज पर सीवरेज व्यवस्था का निर्माण करके लोगों को बीमारियों की चिंता से भी मुक्त करने का काम किया है।

कैप्टन मेवा सिंह के द्वारा किए गए इन कार्यों की गूंज जब स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र तक पहुंची तो उन्हें भी यह गांव देखने की इच्छा जागृत हुई और मुख्यमंत्री का स्वच्छता संदेश लेकर वह मंगलवार को कैप्टन मेवा सिंह के डेरा कुंदनपुर लुखी में पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले स्थानीय गुरुघर में शीश नवाया। उसके बाद उन्होंने गुरुद्वारा प्रांगण में ग्रामीणों के साथ गांव पर चर्चा की। इस दौरान उनके साथ जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी अशोक मुंजाल व सरपंच प्रतिनिधि जसविंदर सिंह भी मौजूद रहे। गांव का निरीक्षण करने के दौरान सुभाष चंद्र ने पाया कि गांव में कहीं भी गंदगी का नामोनिशान नहीं था और गांव की तरह नालियां भी यहां नजर नहीं आई। पूरे गांव में सीवरेज सिस्टम को देखकर वे गांव की तारीफ किए बिना नहीं रह सके। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश के सभी लोग ठान लें तो वह भी अपने गांव को शहर जैसा विकसित बना सकते हैं। जरूरत है केवल आगे बढकर एक कदम उठाने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत मिशन अभियान शुरू किया तो उस समय किसी को यह पता नहीं था कि यह अभियान एक दिन जन आंदोलन बन जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एक आमजन का मिशन है इसे गैर सरकारी बनाना ही हमारा मकसद है। कैप्टन मेवा सिंह ने जो कार्य किया है वह औरों के लिए एक उदाहरण है।



कुरुक्षेत्र। गांव का निरीक्षण करते स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र। फोटो : हरिभूमि

### गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का सपना

वहीं कैप्टन मेवा सिंह ने बताया कि वे जब गांव में थे तो गंदगी और खुली नालियां देखकर उनका मन करता था कि यहां भी शहर की तरह स्वच्छता और सीवरेज व्यवस्था हो। उन्होंने ठान लिया की वह इसको हरियाणा का एक सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव बनाएंगे। बस फिर क्या था उन्होंने गांव के लोगों के साथ मिलकर गांव की तस्वीर को बदलने का काम शुरू कर दिया। बिना किसी सरकारी मदद के उन्होंने गांव में विकास के साथ-साथ लोगों की सोच को भी बदला। आज उनके मेहनत और जज्बे की बदौलत यह गांव कुरुक्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रदेश के एक सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव के रूप में चमक रहा है। उन्होंने कहा कि अब उनका सपना गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का है जहां बच्चे आईएएस और आईपीएस की तैयारी कर सकें। सीईओ जिला परिषद अशोक मुंजाल ने कैप्टन मेवा सिंह के जज्बे की तारीफ करते हुए कहा की गांव में जो भी विकास कार्य बाकी है उन्हें पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने यहां पर लाइब्रेरी और स्ट्रीट लाइट के लिए भी प्रस्ताव मांगा है।

### पहले की देश सेवा अब समाज सेवा

डेरा कुंदनपुर लुखी गांव के हर घर से एक फौजी है। कैप्टन मेवा सिंह खुद भी सेना से रिटायर है और अब उनका सपना अपने गांव को शहर की तर्ज पर विकसित करने का है। इसी सपने को लेकर उन्होंने करीब 10 साल पूर्व गांव में सुधार कार्य शुरू किया। सबसे पहले उन्होंने गांव के लोगों को इक_ा कर उन्हें स्वच्छता का महत्व बताया और फिर सबको साथ लेकर इस को एक मॉडल विलेज बना डाला। इस डेरे में करीब सवा सौ घर है। यही नहीं कैप्टन मेवा सिंह ने अपनी जमीन देकर गांव में गुरुद्वारा, तालाब, कचरा घर और शमशान भूमि का निर्माण भी कराया है। अब गांव के अधिकतर बच्चे विदेश में सेटल हैं। विदेश से भी गांव के बच्चे आर्थिक मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। यही कारण है कि कम जमीन और ना के बराबर बजट होते भी ये गांव प्रदेश में एक मिसाल बन गया है।

# सफाई को लेकर नगर निगम ने अदालत में जमा की रिपोर्ट

## जांच में शिकायत नंबर नौ डिजिट के निकले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

▪ निगम की हरकत पर अदालत नाराज, अब 12 को करना होगा जवाब दाखिल, सफाई को लेकर मुसीबत में फंसे हैं अधिकारी

शहर की सफाई का मुद्दा नगर निगम के अफसरों के गले की फांस बन गया है। इस मामले में बीते रोज निगम की ओर से अदालत में जवाब दायर किया। मगर निगम की ओर से फिर ऐसी हरकत हो गई जिससे अदालत भी नाराज दिखी। निगम ने कोर्ट में जो जवाब दाखिल किया है उसमें कूड़े की शिकायत को लेकर दिए गए मोबाइल नंबर ही गलत पाए गए। दो मोबाइल नंबर दिए गए थे लेकिन दोनों मोबाइल नंबर 9 डिजिट के हैं। ये मोबाइल नंबर 899985446 व 899985447 बताए गए हैं। रिपोर्ट में ये नंबर जानबूझकर तो नहीं दिए गए इस पर अब 12 जनवरी को सुनवाई होगी।

### रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश

नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कूड़े की शिकायत के संबंध में 9 फरवरी 2023 को शिकायत सेल स्थापित की गई थी। कूड़े की शिकायत के लिए लैंड लाइन, मोबाइल नंबर और ईमेल सार्वजनिक किए हुए हैं। ये भी बताया था कि एजेंसी पर कूड़े की शिकायतों के निपटान न करने की एवज में 7 लाख 20 हजार का जुर्माना भी किया है। निगम के इस जवाब को देखते हुए कोर्ट ने अटैच किए वाहनों को अगले आदेशों तक रिलीज कर दिया था।अब कोर्ट ने निगम से एजेंसी के साथ किए 19 दिसंबर 2022 के अनुबंध के तहत बिंदु 6,8,11 व 12 के अनुपालन के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। इसमें एजेंसी के डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की प्रक्रिया, कूड़े के सेग्रीगेशन, ट्रांसपोर्टेशन एवं डिस्पोजल के साथ मैन पॉवर, रिसोंस एवं टेक्नोलॉजी और मशीनों की स्थिति आदि के बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है।

# कड़ाके की ठंड से छुटी लोगों की कंपकंपी

## बर्फीली शीतलहर के चलने से जन-जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

पिछले दस दिन से जिले में दिन भर बर्फीली हवाओं के चलने और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने के साथ दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में कड़ाके की ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग परेशान हो उठे हैं। कड़ाके की ठंड ने जहां लोगों की कंपकपी छुटा रखी है, वहीं, फसलें भी कोहरे से प्रभावित होने लगी हैं। आलम यह है कि दिन भर लोग अलाव जलाने और गर्म कपड़ों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। वहीं, फसलों कोहरे से बचाने के लिए किसान उनमें सिंचाई और दवाइयों का स्प्रे करने लगे हैं।

### दस दिन से नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने की वजह से पिछले दस दिन से जिले में सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए हैं। मंगलवार को लोगों को उम्मीद थी कि सूर्यदेव के दर्शन होंगे और ठंड के कहर से कुछ राहत मिलेगी। मगर दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए और आसमान में धुंध के बादल छाए रहने के साथ बर्फीली हवाएं चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। सब्जी उत्पादक किसान कृष्ण व मंशा राम का कहना है कि आलू की फसल के पत्ते पाला पड़ने से झूलसने लगे हैं। जिससे फसल की पैदावार कम होने के आसार बन गए हैं।



यमुनानगर। घना कोहरा पड़ने से प्रभावित हुई आलु की फसल। फोटो : हरिभूमि

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें।

### लोग घरों में दुबकने पर मजबूर

▪ धुंध के कारण यातायात हुई प्रभवित

**कुरुक्षेत्र।** पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से आमजन का जीना मुहाल हो गया है। कई दिनों से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे ठंड लोगों को जमकर परेशान कर रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को ठंड के साथ धुंध भी रही। इ स का सीधा असर यातायात पर देखने को मिला। तेज रफ्तार में दौड़ने वाले वाहन रेंगते हुए नजर आए। सुबह के समय भी वाहन चालक हेड लाइट जलाकर चलते नजर आए। लेकिन धुंध का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा था। शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में धुंध का प्रभाव अधिक देखने को मिला। धुंध ने लोगों को जमकर परेशान किया। विशेषज्ञों के अनुसार रबी की फसल को बढ़ने के लिए धुंध व ठंड की आवश्यकता होती है। फिलहाल का मौसम फसलों के अनुकूल है। जिससे कि किसानों के भी चेहरे खिले हुए हैं। ठंड में स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने की जरूरत है। नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने ठंडे पेय पदार्थ का सेवन ना करने, हल्का गर्म पानी पीने, पूरी शरीर को कपड़ों से ढकने जैसी सावधानी बरतने की सलाह दी है। पिछले 10 दिन से कड़ाके की ठंड के साथ कोहरा भी पड़ रहा है। सूर्य भी नहीं दिखाई दे रहा है। आकाश में दिनभर बादलवाई बनी रहती है। पूर्व से चली ठंडी हवा से से जनजीवन पर काफी असर पड़ा। लोग घरों में दुबकने पर मजबूर रहे।



# प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने निगली जहरीली दवाई, मौत

▪ पीड़ति महिला की शिकायत पर 5 के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिहोवा

उपमंडल के गांव बाखली में रहने वाली महिला से मारपीट कर उसे कमरे में बंद रखने से क्षुब्ध महिला द्वारा कोई जहरीली दवाई पी लेने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस संदर्भ में पीड़ित महिला की शिकायत पर उसके परिवार के 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसकी वस्तृत जानकारी देते हुए केस के आई.ओ.ए.एस.आई.सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस उन्हें सूचना मिली थी कि गांव बाखली निवासी महिला नन्ही देवी ने परिजनों की प्रताड़ना से तंग आकर कोई जहरीली दवाई पी ली है। जिसे पिहोवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां पर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कैथल के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया था। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पीड़ित महिला के बयान कलमबद्ध करवाए। जिसमे महिला ने कहा कि उसके परिजनों ने उसे घर के अंदर नहीं घुसने दिया। इतना ही नहीं उन्होंने सड़क पर ही उससे बुरी तरह से मारपीट की और उसे कमरे में बंद कर दिया, ताकि व भाग न सके। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया हैं।

### उपचार के दौरान हुई मौत

*इस बारे बात करने पर केस के आई.ओ.ए.एस.आई. सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ति महिला की आज उपचार के दौरान मौत हो गई है। उन्होंने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे परिजनों के हवाले सौंप दिया है। जल्द ही आरोपी लोगों को काबू कर लिया जाएगा।*

# यूपी में चल रहे भ्रूणलिंग जांच के खेल का पर्दाफाश

▪ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दलाल पकडा, दलाल ने भ्रूण की जांच कराना स्वीकारा, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

**पानीपत।** पानीपत की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यूपी में अवैध तरीके से चल रहे भ्रूण लिंग जांच के खेल का पर्दाफाशकिया है। टीम ने पानीपत के राणा माजरा निवासी दलाल को ट्रैप लगाकर पकड़ा है। उसके कब्जे से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के एक निजी अस्पताल की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट जब्त की गई। वहीं, सनौली थाना पुलिस को दी शिकायत में पीएनडीटी नोडल ऑफिसर डॉ. पवन कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि पानीपत जिला और इसके आस-पास के क्षेत्रों में अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच किया एवं करवाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए यूपी में ले जाया जाता है। इससे पानीपत का लिंगानुपात प्रभावित हो रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर भ्रूण लिंग जांच के लिए सूचना देने वाले के माध्यम से दलाल अमजद निवासी राणा माजरा से 20 हजार में सौदा तय हुआ। पांच जनवरी को टीम का गठन किया गया। इसके बाद 12 सप्ताह की एक गर्भवती महिला से टीम ने संपर्क किया। उसकी सहमति पर 8 जनवरी को सूचना देने वाले माध्यम से अमजद से संपर्क किया गया। अमजद, गर्भवती महिला को अपनी गाड़ी में बैठा कर यूपी के मुजफ्फरनगर ले गया। टीम ने उसका यहां तक पीछा किया। लेकिन यहां जाम में गाड़ी फंसने की वजह अमजद की गाड़ी टीम की आंखों से ओझल हो गई। महिला से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। काफी इंतजार के बाद पता लगा कि लिंग जांच करवाने के बाद वे वापस पानीपत की ओर रवाना हो चुके हैं। टीम ने सनौली नाका पर आपसी तालमेल के जरिए अमजद की गाड़ी को रूकवाया। जहां से टीम ने अमजद के कब्जे से वशिष्ठ अस्पताल मुजफ्फरनगर की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट ली। दलाल अमजद को भ्रूण लिंग जांच के बारे में पूछा गया तो उसने स्वीकार किया कि उसने खुद महिला को उसके गर्भ में पल रहे भ्रूण का लिंग लड़की बताया है। वहीं पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पानीपतः बबैल में नवदंपती की संदिग्ध हालत में मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव बबैल में नवविवाहित 24 वर्षीय गुरमीत व इसकी 22 वर्षीय पत्नी तन्नू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों सोमवार की रात को अपने कमरे में सोए थे। मंगलवार की सुबह दोनों कमरे में मृत मिले। वहीं परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही गांव की शमशान भूमि में गुरमीत व तन्नू की अंत्येष्टि की दी। पुलिस की जांच में पता चला कि गत वर्ष 21 नवंबर को गुरमीत निवासी गांव बबैल का विवाह तन्नू निवासी गांव रामनगर जिला पानीपत के साथ हुआ था। परिजनों व मायके वालों का दावा है कि दोनों का दांपत्य जीवन पूरी तरह से सुखी था। वहीं गुरमीत के पिता कृष्ण का निधन हो गया था और सोमवार को उनकी तेहरवीं थी। रिश्तेदारों के जाने के बाद गुरमीत व उसकी पत्नी तन्नू अपने कमरे में सोने चले गए, जबकि अन्य परिजन भी सो गए। मंगलवार की सुबह जब गुरमीत व तन्नू कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजनों ने दरबाजा खटखटाया, लेकिन अंदर कोई हलचल नहीं थी, अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने दरबाजा तोड दिया, बैड पर गुरमीत व तन्नू मृत हालत में पडे मिले। इधर, गांव के सरपंच विक्की का दावा है कि सर्दी अधिक होने के चलते गुरमीत व तन्नू ने अपने कमरे में अंगीठी जला रखी थी और कमरे में हवा की क्रासिंग नहीं होने के चलते दोनों की दम घुटने से मौत हो गई।

# आरोपियों से कार, देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो तलवारें बरामद

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने लूट व चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपियों साहिल पुत्र राजा निवासी डालमवाला जीन्द, अर्जुन पुत्र अमित निवासी महावीर कॉलोनी हिसार, रिंकू पुत्र बलमत निवासी सेरडा हिसार व भोलू पुत्र कुवर निवासी खरबला हिसार को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लूट की दो व वाहनों से बैटरी चोरी की 17 वारदातों का खुलासा हुआ। आरोपी पीछले डेढ़ साल से वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय थे। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त 1 बलेनो कार, 1 देसी पिस्टल, 2 जिंदा रौंद व 2 तलवार बरामद की है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने मंगलवार को सीआईए वन स्टाफ में प्रेसवार्ता में उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि गिरोह का सरगना आरोपी साहिल है। आरोपी साहिल व रिंकू का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है।

## व्हाट्सएप नंबर जारी कर बेसहारा पशुओं का फोटो व लोकेशन भेजने के लिए लोगों से की अपील

# शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए हरकत में आया नगर निगम

सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं के कारण हर दिन हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

शहर में घुम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगर निगम हरकत में आया है। नगर निगम अधिकारियों ने व्हाट्सएप नंबर जारी कर लोगों को बेसहारा पशुओं को फोटो व लोकेशन भेजने कि अपील की है। शहर में घुम रहे आवारा पशुओं के कारण हर दिन हादसे हो रहे है। शहरवासी निगम अधिकारियों से आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कई बार अपील कर चुके हैं।

मंगलवार को नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने गोशाला प्रबंधकों व पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने गोशाला प्रबंधकों को निर्देश दिए कि निगम द्वारा पकड़कर गोशालाओं में छोड़े जा रहे बेसहारा पशुओं की देखरेख सही तरीके से हो। उन्होंने दोनों सीएसआई व पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के साथ टैग लगाना सुनिश्चित करें। ताकि उनकी अलग पहचान हो और गोशाला प्रबंधन उन्हें दोबारा न छोड़ सके। सिन्हा ने कहा कि शहर में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए नगर निगम ने अभियान चलाया हुआ है। नगर निगम क्षेत्र में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में छोड़ा जा रहा है। चारे के लिए नगर निगम द्वारा गोशाला संचालकों को प्रतिदिन 30 रुपये प्रति पशु के हिसाब से खर्च दिया जाता है। ताकि गोशाला में इन पशुओं के लिए चारे की समस्या न हो। यह कार्य कर नगर निगम बेसहारा पशुओं को सहारा देने का काम कर रहा है। बीते दो माह में नगर निगम द्वारा काफी संख्या में शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला पहुंचाया है। जब तक शहर बेसहारा पशुओं से मुक्त नहीं हो जाता, यह अभियान जारी रहेगा। शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त बनाने के लिए शहरवासी भी सहयोग करें। नगर निगम क्षेत्र में यदि किसी को कोई बेसहारा पशु घूमता दिखाई दे तो उसकी फोटो खींचकर लोकेशन या पते के साथ नगर निगम के व्हाट्सएप नंबर 7082410524 पर भेजे।



यमुनानगर के निगम कार्यालय में गोशाला प्रबंधकों व अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा।

### दुधारू पशु खुले में छोड़ा तो होगा 5100 रुपये जुर्माना

निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग अपने पशुओं को खुले में छोड़ देते है। इनमें दुधारू पशु भी होते है। अब यदि किसी ने भी अपने पशुओं को खुले में छोड़ा तो उसपर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी ने अपने पशु को शहर में खुले में छोड़ा और उस पशु को नगर निगम द्वारा पकड़कर गोशाला में पहुंचा दिया तो उसे छुड़ाने के लिए 5100 रुपये जुर्माना। इसके अलावा जितने दिन वह पशु गोशाला में रहेगा। प्रतिदिन 300 रुपये के हिसाब से पशु मालिक को देना पड़ेगा। निगमायुक्त ने आमजन से अपील की कि वह अपने पशुओं को खुले में न छोड़े। इसके साथ उन्होंने निगम द्वारा पकड़े जा रहे पशुओं को भी टैग लगाने के पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# पटवारियों की हड़ताल बनी मुसीबत

## 300 से ज्यादा इंतकालों का लगा अंबार, कई तरह के काम पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

▪ हड़ताल की वजह से रोज लोगों को तहसीलों में खाने पड़ रहे हैं धक्के

▪ सरकार को राजस्व की हानि हो रही

▪ पुराना रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए आने वाले लोग भी परेशान

पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल के कारण हालात बिगड़ रहे हैं। लोगों को इंतकाल की नकल, बैंक लोन के लिए 15 साल का रिकॉर्ड न मिलने और जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर न होने से रजिस्ट्री तक नहीं हो पा रही। हड़ताल के कारण रजिस्ट्रियां होने की दर एक तिहाई रह गई है। इसके कारण सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। 1 फरवरी से गिरदावरी भी शुरू होनी है। अगर हड़ताल जारी रही तो गिरदावरी भी बाधित हो सकती है। जिससे किसानों को फसल बेचने में भी परेशानी होगी। किसान राजपाल और मदन लाल ने बताया कि वह प्लास्टिक की तिरपाल लगाकर सब्जी की खेती करते हैं। फसल का पंजीकरण करवाया हुआ है। अब कृषि विभाग से सब्सिडी लेने के लिए पटवारी से वेरिफिकेशन करानी है। पटवारी रिपोर्ट देगा तो सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने बताया कि वह हर रोज इस उम्मीद पर तहसील कार्यालय आते हैं कि शायद पटवारी मिल जाए लेकिन कमरे पर ताला लटका है।

पटवारियों व कानूनगो की खाली कुर्सी से काम ठप जमाबंदी पर हस्ताक्षर न होने से नहीं हो रही रजिस्ट्री 70 साल के बुजुर्ग बलबीर सिंह ने डेरा मौजा में 7 मरले जमीन पंचकूला के विक्रम सिंह को बेची हुई है। बुजुर्ग ने पैसे भी वसूल कर लिए। रजिस्ट्री लिखी जा चुकी है, लेकिन जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर नहीं हुए। इसके कारण रजिस्ट्री नहीं हो सकी। पटवारियों के हड़ताल पर जाने की वजह से बहुत से सरकारी काम रुके हुए हैं। पटवारियों व कानूनगो की कुर्सी खाली होने से जिले में करीब 300 इंतकाल पेंडिंग पड़े हैं। रिहायशी प्रमाण पत्र के लिए हर रोज जिले के पटवारियों के पास करीब लोग पहुंचते रहे। लोन अपडेट के लिए करीब लोग धक्के खा रहे हैं। फर्द की कॉपी निकलवाने के लिए अब लोग मुसीबत में हैं। पुराना रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए आने वाले लोग भी परेशान हैं। तहसील में सीमांकन, नामांतरण, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बंटवारा, नामांतरण, जमाबंदी सत्यापित, नकल सत्यापित, इंतकाल, गिरदावरी, फील्ड बुक, मौका तस्दीक, रिकॉर्ड में लोन चढ़ाने और उतारने का कार्य पटवारी कराते हैं।

## खबर संक्षेप

### गौपुत्र सेना ने गोवंश से भरी गाड़ी पकड़ी

**हिसार।** गौपुत्र सेना अग्रोहा टीम ने देर रात 10 गौवंश से भरी आयशर गाड़ी पकड़कर पुलिस को सौंपी। गौपुत्र सेना सदस्य अग्रोहा के सदस्य संजय कांगड़ा ने बताया कि वह साथी जोगेंद्र के साथ अग्रोहा से हिसार की तरफ जा रहा था तब एक नीला तिरपाल लगा हुआ ट्रक जाते हुए दिखाई दिया। शक होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। गाड़ी चालक को इशारा करने पर चिकनवास गांव के पास रोक लिया। गाड़ी में बैलों को ठूंस-ठूंसकर भरा हुआ था।

### जनता भाजपा-जजपा को सत्ता से बाहर करेगी

**हिसार।** कांग्रेस के जिला प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने दावा किया कि प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के कुशासन से जनता तंग आ चुकी है और इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में उसे सत्ता से बाहर करने के लिए वोट करेगी। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जब कांग्रेस सत्ता में थी तब विकास दर और प्रति व्यक्ति निवेश बेहतर हुआ था, इसके अलावा किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए कई पहल की गई थीं।

### विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई

**हिसार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम के तहत गांव बिछपड़ी, सुलखनी, महलसरा तथा मोठसरा में जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांव बिछपड़ी में पूर्व विधायक वेद नारंग, महलसरा में वरिष्ठ नेता रणधीर पनिहार, सुलखनी में साधू राम जाखड़ तथा मोठसरा में जयवीर गिल ने ग्रामीणों से जनसंवाद किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर तहसीलदार रामनिवास भादू, बीडीपीओ कीर्ति सिरोहीवाल, यात्रा संयोजक श्याम सुंदर शर्मा, सीमा गोदारा आदि उपस्थित थे।

### अग्निवीर की बहाली के लिए आवेदन आमंत्रित

**हिसार।** भारतीय वायु सेना द्वारा अग्रिवीर योजना के तहत चयन परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अग्रिवीर (वायु सेना) प्रवेश परीक्षा 01/25 के लिए 17 जनवरी से 6 फरवरी तक अग्नि पथ की वेबसाइट पर पंजीकरण किया जा सकता है, ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से आयोजित होगी।

### सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की आलोचना की

# पूर्व विधायक ने पटवारियों के आंदोलन को दिया समर्थन

पूर्व विधायक ने कहा कि मौजूदा भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने हर वर्ग का जीना दूभर कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पटवारियों और कानूनगो के आंदोलन को आज फतेहाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलवान सिंह दौलतपुरिया ने अपना समर्थन दिया। लघु सचिवालय के बाहर धरना दे रहे पटवारियों और कानूनगों के बीच पहुंचकर बलवान सिंह दौलतपुरिया ने अपना समर्थन दिया और सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की।

पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि मौजूदा भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने हर वर्ग का जीना दूभर कर दिया है। नए नए फरमान लागू कर सरकार जनता को परेशान करने पर तुली है।


फतेहाबाद। पटवारियों व कानूनगो के धरने को संबोधित करते पूर्व विधायक बलवान सिंह। फोटो : हरिभूमि

अपने अधिकारों व हकों के लिए कर्मचारियों बार बार सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। पहले कलर्क स्टाफ को धरने पर बैठना पड़ा और अब पटवारी और कानूनगो स्टाफ अपनी मांगों को लेकर कड़कड़ाती ठण्ड में धरने पर बैठने को मजबूर हैं।

वहीं आम जनता को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि इस हठधर्मी सरकार को आम जनता की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार पटवारियों और कानूनगों से बातचीत कर उनकी समस्या का तुरंत करें ताकि वे काम पर लौट सकें और आम जनता को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि पटवारी और कानूनगो अपनी जायज मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से हड़ताल पर है, जिससे राज्यभर में कामकाज ठप हो गया है।

**गठबंधन सरकार का पूरा हो चुका है समय**

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मंगतराम लालवास ने कहा कि अब इस हठधर्मी गठबंधन सरकार का समय पूरा हो चुका है। इस अवसर पर नवनीत गोदारा, प्रोपर्टी एसो. के जिला प्रधान घनश्याम आनन्द, कांग्रेस कानूनी प्रकोष्ठ के जिला प्रधान एडवोकेट सीताराम बैनीवाल, एडवोकेट इन्द्र सिहाग, एडवोकेट विक्की भादू, हरपाल बैनीवाल, सतेन्द्र श्योराण, भीम नारंग, लीलाधर खिचड़, अभिमन्यु दौलतपुरिया, सन्नी खुराना, कर्मचारी नेता निहाल सिंह मताना सहित अनेक कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का किया अभिनंदन

- कार्यकर्ताओं ने पटाखे बजाकर व मिठाईयां बांटकर खुशी मनाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा का स्वागत करते रणबीर चौधरी व अन्य नेता।

भाजपा जिला फतेहाबाद के अध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा को दूसरी बार जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के उपलक्ष्य में वरिष्ठ भाजपा नेता रणबीर सिंह चौधरी के निवास पर अभिनंदन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

रणबीर सिंह चौधरी ने अपने पारिवारिक सदस्यों व कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा का फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने पटाखे बजाकर व मिठाईयां बांटकर खुशी मनाई। रणबीर सिंह चौधरी ने बलदेव सिंह ग्रोहा को दोबारा जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए पार्टी हाई कमान का आभार प्रकट किया। बलदेव सिंह ग्रोहा ने कहा कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के विश्वास, सहयोग व समर्पण के बदौलत ही पार्टी हाई कमान ने उन्हें दूसरी बार यह जिम्मेदारी सौंपी है। इस लिए वह पार्टी हाई कमान के साथ साथ सभी कार्यकर्ताओं का भी आभार प्रकट करते हैं तथा विश्वास दिलाते हैं कि उन्हें जो जिम्मेदारी दोबारा मिली है, उसे वह पूरी निष्ठा, ईमानदार व दुगनी लगन के साथ निभाएंगे।

## छीना-झपटी की वारदात को अंजाम देने वाला एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रानियां थाना पुलिस ने गांव बणी क्षेत्र में हुई लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले एक युवक को बणी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए रानियां थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान मांगेराम उर्फ मंगू पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव बणी नंबर एक जिला सिरसा के रुप में हुई है। रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि बीती 7 जनवरी 2024 को काले खान पुत्र श्याम मोहन निवासी रोड़ावाली, राजस्थान की शिकायत पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ थाना रानियां में अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। शिकायतकर्ता बाइक पर सवार होकर गांव बणी से राजस्थान के गांव सूरेवाला की तरफ जा रहा था, इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात युवक आए और मोटरसाइकिल सवार युवक के साथ मारपीट कर 15 हजार रुपए लूटकर मौका से फरार हो गया गए थे। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान रानियां थाना की करीवाला पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार की टीम ने नकदी छीना झपटी की वारदात का पर्दाफाश किया।

## बेगू रोड पर लंगर का हुआ आयोजन

**सिरसा।** सिरसा वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से बेगू रोड स्थित शर्मा पेट्रो सिटी पर लंगर का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्यों ने राहगीरों को ब्रेड पकौड़े वितरित किए। कड़ाके की ठंड में संस्था सदस्यों द्वारा सेवा भाव से किए जा रहे इस पुनीत कार्य की सबने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस दौरान संस्था पदाधिकारी गगन साहनी व रोहित शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर समाज भलाई के कार्य किए जाते है। मानवता की सेवा के मकसद से ही सिरसा वेलफेयर फाउंडेशन का गठन किया गया है और संस्था सदस्य हमेशा तत्पर रहते हैं।

# 7 करोड़ के कार्यों का टेंडर जारी

- 5 करोड़ के विकास कायारें के एस्टीमेट अप्रूवल के लिए डीएमसी व कार्यकारी अभियंता के पास भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

शहर में पिछले काफी समय से रुके पड़े विकास कार्य को अब गति मिलने की उम्मीद बंधी है। शहर की समस्याओं के समाधान के लिए नगर पालिका द्वारा करीबन 7 करोड़ रुपए के टेंडर लगा दिए गए हैं, जिसमें शहर के एक दर्जन से भी ज्यादा वाडारें में विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे।

नगर पालिका सचिव पंकज जून ने बताया कि रतिया नगर पालिका द्वारा शहर के विभिन्न वाडारें में विकास कार्यां के लिए 7 करोड़ के टेंडर आमंत्रित किए गए हैं जबकि लगभग 5 करोड़ रुपए के विकास कार्य के टेंडर टेक्निकल मंजूरी के लिए डीएमसी के कार्यालय में भेजे गए हैं। डीएमसी व कार्यकारी अभियंता द्वारा टेक्निकल मंजूरी दिए जाने के बाद 25 जनवरी को 6 करोड़ रुपए के अन्य विकास कायारें के टेंडर भी लगा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा नई कालोनियों को अप्रूव किया गया है। इन कालोनियों में विकास कायारें के लिए भी जल्द ही सर्वे करवाया जाएगा और सर्वे के उपरांत जो समस्याएं सामने आएगी, एस्टीमेट बनाकर उन कॉलोनी में भी विकास कार्यों के टेंडर लगाए जाएंगे।

**प्रत्येक वार्ड में 70 लाख रुपए की लागत से होंगे विकास कार्य**

नगर पालिका सचिव पंकज जून ने बताया कि रतिया शहर के सभी 17 वाडारें में प्रत्येक में 70 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य करवाए जाएंगे, जिनमें गलियों की रिपेयर व नए विकास कार्य शामिल है। शहर के पशु अस्पताल व सती मंदिर के पास पार्किंग की व्यवस्था के लिए पार्किंग का भी निर्माण किया जाएगा। फतेहाबाद रोड पर सुखचैन माइनर नहर के किनारे भूना रोड की तरफ व लाली रोड की तरफ नगर पालिका सीमा तक इंटरलॉक टाइल लगाई जाएगी। इसके लिए नहर विभाग से नगर पालिका द्वारा विशेष तौर पर एनओसी भी ली जाएगी और एनओसी मिलने के बाद दोनों तरफ से रोड बनाया जाएगा। साथ ही टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे पड़ी हुई नगर पालिका की जमीन पर सिंथेटिक पार्क भी बनाया जाएगा ताकि इस पर आने जाने वाले लोग सैर कर सके और व्यायाम व योग अभ्यास कर सके। इसके अलावा लाली रोड पर स्कूल के पास नगर पालिका की जमीन पर पार्क भी बनाया जाएगा।

# एसडीएम के आश्वासन बाद आंदोलन समाप्त

- आसाखेड़ा माइनर के निर्माण में अनियमताओं को लेकर धरना पर बैठे थे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

आसाखेड़ा माइनर के निर्माण में अनियमताओं को लेकर किसानों का धरना, प्रदर्शन व आंदोलन मंगलवार को एसडीएम अभय सिंह व एक्सईएन एन के भोला के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। दोनों अधिकारी मौके पर पहुंचे और निर्माणाधीन माइनर का निरीक्षण किया। किसान नेता राकेश फोगड़िया ने बताया कि एसडीएम अभय सिंह ने नहर का निरीक्षण किया और पाया कि निर्माण में काफी अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि इस मामले में किसानों को साथ लेकर जांच की जाएगी और यदि कोई दोषी पाया गया तो उस पर कार्रवाई होगी। जांच में शामिल होने के लिए किसानों ने पांच सदस्यीय कमेटी भी बनाई। एक्सईएन ने भी किसानों को आश्वस्त किया कि पूरा निर्माण उच्च तरीके से होगा और किसी प्रकार की त्रुटि नहीं रहने दी जाएगी। अधिकारियों के पुख्ता आश्वासन के बाद किसानों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। गौरतलब है कि सोमवार को इस मामले ने काफी तूल पकड़ लिया था और दो अधिकारियों को भी किसानों ने अपने साथ बंधक बनाकर बिठा लिया था। इन अधिकारियों को रात को एसडीएम के आश्वासन के बाद यहां से जाने दिया गया। अब जब एसडीएम ने मौके पर जाकर सारी स्थिति का जायजा लिया और किसानों को उचित आश्वासन दिया तो यह मामला शांत हुआ। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में उचित कार्रवाई न हुई तो आंदोलन फिर से शुरू कर दिया जाएगा। धरना स्थल पर चौटाला पैक्स के उप प्रधान दयाराम उलाणिया, प्रहलाद सिहाग, रामप्रताप पचार, विनोद घिंटाला, साधुराम सहारण अरविंद सिहाग, बृजपाल पचार, विनोद सिहाग, प्रभु शर्मा, सुधीर खिचड़, कुलदीप गोदारा, हनुमान खिचड़, संदीप खिचड़, प्रभु गोदारा, सुखपाल सिंह, मदन खिचड़, राजकुमार जाखड़, भोजराज स्वामि, कुलदीप जाखड़, अमर सिंह सहू, आदि मौजूद रहे।


सिरसा। धरनारत किसानों से बातचीत करते हुए एसडीएम अभय सिंह।

# विजय सिंह दूसरी बार बने सब यूनिट प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ रा'य कार्यकारिणी के फैसले के अनुसार सब अर्बन सब यूनिट सिरसा कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में सुरजीत सिंह बेदी मुख्य सलाहकार, अविनाश चंद्र उप रा'य प्रधान, मदन लाल सर्कल सचिव, सुखदेव सिंह यूनिट प्रधान ने शिरकत की। विजय सिंह को दूसरी बार सब यूनिट प्रधान नियुक्त किया गया। विनोद कुमार सचिव, सतबीर कुंडू कैशियर, सुरेश कुमार एएलए वरिष्ठ उप प्रधान, महेश कुमार लाइनमैन लैब से सह सचिव, रामकुमार एएलएम उप प्रधान, दुर्गादास लाइनमैन वर्कशॉप से व पवन कुमार एएलएम को संगठन कर्ता चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सुरजीत सिंह बेदी मुख्य सलाहकार ने कर्मचारियों व जनता के हित में काम करने की शपथ ग्रहण करवाई। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की मांगों कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का करना, समान काम समान वेतन लागू किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए को लेकर बिजली मंत्री के साथ यूनियन के पदाधिकारियों की 10 अक्टूबर 2023 को दूसरे दौर की मीटिंग हुई थी और मानी हुई मांगों को जल्द से जल्द लागू किया जाने का बिजली मंत्री ने आश्वासन दिया था, लेकिन अमल में नहीं लाई गई है। बिजली मंत्री की वादा खिलाफी के विरोध में आगामी 23 जनवरी 2024 को सभी सर्किलों में प्रदर्शन किए जाएंगे। 4 फरवरी 2024 को रोहतक में रैली की जाएगी। मौके पर प्रेम शर्मा, गुरलाल सिंह जेई, सोहनलाल जेई, करणी सिंह भाटी सीसी मेंबर, सुभाष चंद्र डबवाली, सीसी मेंबर जगदीश लांबा, राम प्यारा जेई, वरिष्ठ उप प्रधान यूनिट जोगिंदर सिंह आदि थे।


सिरसा। बैठक में भाग लेते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# शहर को जगमग करने के लिए 1304 स्ट्रीट लाइट पहुंची नगर पालिका रतिया

- एक सप्ताह में शहर भर में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम किया जाएगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

नगर पालिका द्वारा शहर को जगमग करने के लिए मुंबई से स्ट्रीट लाइट की पहली खेप में 1304 स्ट्रीट लाइट रतिया पहुंच गई है। रतिया नगर पालिका की चेयरपर्सन प्रीति खन्ना, सचिव पंकज जून, पालिका अभियंता सुमेर सिंह, लेखाकार मनजीत कौर व कनिष्ठ अभियंता हवा सिंह ने कंपनी के कर्मचारियों द्वारा पहुंचाई गई स्ट्रीट लाइट की पहली खेप को रिसीव किया। अब स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए टेंडर करवाया जाएगा और एक सप्ताह में रतिया शहर के विभिन्न वार्ड और मोहल्लों में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा।


रतिया। स्ट्रीट लाइट का निरीक्षण करते हुए नगर पालिका चेयरपर्सन प्रीति खन्ना व लेखाकार मनजीत कौर।

नगर पालिका के सचिव पंकज जून ने बताया कि रतिया शहर के 17 वार्ड व मुख्य मागारें पर शहर को जगमग करने के लिए नगर पालिका द्वारा मुंबई की कंपनी को पहली खेप में 1304 स्ट्रीट लाइट का आर्डर दिया गया था। यह आर्डर हरियाणा सरकार व अर्बन लोकल बॉडी द्वारा जारी किए निर्देशों के तहत किया गया था।

उन्होंने बताया कि स्ट्रीट लाइट ऑर्डर करने से पहले रतिया नगर पालिका की टीम द्वारा पूरे शहर में सर्वे करवाया गया था कि किस वार्ड और मोहल्ले में कितनी स्ट्रीट लाइट की आवश्यकता हैञ साथ ही मुख्य मार्ग और बाईपास पर कितनी वाट की स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि ऑर्डर के तहत आज मुंबई से 1304 स्ट्रीट लाइट रतिया नगर पालिका में पहुंच गई है, जिसमें से 45 वाट की 815 स्ट्रीट लाइट, 72 वाट की 189, 90 वाट की 200 व 120 वाट की 100 स्ट्रीट लाइट शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि फाइनेंस कमेटी और नगर पालिका की चेयरपर्सन प्रीति खन्ना व अन्य अधिकारियों द्वारा स्ट्रीट लाइट की जांच भी करवाई गई है। जांच के बाद स्ट्रीट लाइट इंस्टॉलेशन के लिए टेंडर जारी किया जाएगा जोकि 7 दिन में खुल जाएगा।

टेंडर खुलने के बाद शहर के सभी वार्डों व मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 9 नई कॉलोनी को भी अप्रूवल किया गया है उनका भी सर्वे किया जाएगा और दूसरी खेप में उन कॉलोनी में भी स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी।

# वाहनों पर लगाये रिफ्लेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

लायंस क्लब रतिया सिटी द्वारा आज 34वें प्रोजेक्ट के अंतर्गत रतिया सिटी पुलिस के साथ मिलकर धुंध के मौसम को देखते हुए वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। क्लब के संरक्षक गोपालचंद ने बताया कि इस वर्ष समाज सेवा के 40 कार्य करने का लक्ष्य रखा है, इसी कड़ी में आज वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी जय सिंह रहे। उन्होंने क्लब के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि धुंध के इस मौसम में वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगा होना बेहद आवश्यक है ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। सबसे पहले क्लब के अध्यक्ष प्रदीप बंसल ने थाना प्रभारी को अंग वस्त्र पहना कर उनका स्वागत किया। क्लब के सभी सदस्यों और पुलिस कर्मचारियों ने लगभग 492 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए। क्लब के सचिव राजू अरोड़ा ने बताया कि 35वां प्रोजेक्ट के अंतर्गत 14 जनवरी को गरीब मजदूरों को गर्म वस्त्र वितरण किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन शिव कुमार गर्ग होंगे। इस अवसर पर क्लब के उपाध्यक्ष हरवीर जौड़ा, वरिष्ठ सदस्य वीरभान बंसल, विजय ग्रोवर, रामगोपाल पाल, जीवन रहेजा, डॉ. सोमचंद गोयल आदि मौजूद रहे।


रतिया। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाते लायंस क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### फतेहाबाद पुलिस ने यातायात नियमों बारे किया जागरूक

# बीते वर्ष 213 हादसों में गई 106 लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस विभाग द्वारा एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार 7 जनवरी से सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिला पुलिस हर रोज वाहन चालकों को यातायात नियमों बारे जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में आज भूना के सरकारी स्कूल व टैक्सी स्टैंड पर वाहन चालकों को यातायात नियमों बारे जागरूक किया। थाना ट्रेफिक से एसआई हेतराम ने उपस्थित वाहन चालकों से कहा कि हम कई बार हम छोटी-सी लापरवाही व जल्दी के चक्कर अपनी जान तक को जोखिम में डाल लेते हैं, जिसका खामियाजा जीवन भर स्वयं भी और परिवार के सदस्यों को भुगतना पड़ता हैं। चालक स्वयं भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहे और दूसरों को भी जागरूक करने का काम करें। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष जिला में विभिन्न जगहों पर 213 सड़क हादसे हुए जिनमें 182 लोग घायल हुए जबकि 106 ने अपनी जान गंवानी पड़ी।



फतेहाबाद। वाहन चालकों को यातायात नियमों बारे जागरूक करते ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी।

**यातायात नियमों का करें पालन**

उन्होंने कहा कि अगर हम लापरवाही न कर अपनी जिम्मेवारी समझते हुए वाहन चलाते तो शायद हुए हादसों मे कमी ला सकते थे। जिस दुर्घटना में परिवार का कमाने वाला सदस्य मर जाता है तो उस परिवार की दिशा व दशा दोनों बदल जाती है। उन्होंने कहा कि हमें जिला में हुए इन हादसों से सबक लेनी चाहिए, आगे ऐसा ना हो इसके लिए यातायात नियमों का खुद भी पालन करें, दूसरों को भी करवाने के लिए प्रेरित करें। भूना के राजकीय स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वहां पर छात्राओं ने यातायात नियमों बारे पोस्टरों के जरिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

## खबर संक्षेप

### घर से डेढ़ लाख के आभूषण व नगदी चोरी

**ऐलनाबाद।** पुलिस ने वार्ड नंबर 2 निवासी मंजीत कौर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी व सेंधमारी का मामला दर्ज किया है। उसने बताया कि उसका बेटा विदेश में रहता है। वह 7 जनवरी को अपने मायके गांव मल्लेकां गई थी। अगले दिन सुबह उसे पड़ौसियों ने फोन पर सूचित किया कि उसके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे टूटे हुए है और घर के अंदर के गेट भी खुले हुए है।

### कार्यक्रम को लेकर भाजपा युवा मोर्चा की बैठक

**फतेहाबाद।** आगामी 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती को समर्पित राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर आज भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश सचिव सुरेन्द्र आर्य ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोहा ने की।

### स्कूल प्रांगण में चलाया सफाई अभियान

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुरा ढिल्लों में आयोजित किए जा रहे 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ स्कूल प्राचार्य औमप्रकाश ने किया। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों से अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों में एकजुटता की भावना का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में की जा रही सेवा निऱ्स्वार्थ है और यह सेवा आगे जाकर विद्यार्थियों के लिए काफी कारगर साबित होती है।

### इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो प्रतियोगिता शुरू

**टोहाना।** डिफेंस डिग्री कॉलेज में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के तत्वाधान में सात दिवसीय उत्तरी भारत इंटर विश्वविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंटरनेशनल हैरिटेज एजुकेशन सोसयटी चेयरपर्सन डॉ. श्रेया सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को सफलता के टिप्स देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को समाज में तेजी से फैल रही नशे जैसी बीमारी से दूर रहकर केवल अपने गुरुजनों द्वारा दिखाए मार्ग पर चलें।

### गणतंत्र दिवस को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

**रतिया।** उपमंडलाधीश जगदीश चंद्र ने मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय के मीटिंग हाल में गणतंत्र दिवस को धूमधाम व हषार्ेल्लास से मनाने को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन महिला महाविद्यालय में किया जाएगा। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां एवं प्रबंध समय पर मुकम्मल करने के निर्देश दिए।

### चुनाव खर्च रजिस्टर जमा न करवाने वाले अयोग्य

**सिरसा।** नगर निकाय संस्थाओं के आम चुनाव 2022 उपरांत चुनाव खर्च रजिस्टर जमा न करवाने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका रानियां 2022 उपरांत विभिन्न उम्मीदवारों ने खर्चा रजिस्टर जमा नहीं करवाया, इसलिए इन उम्मीदवारों को आगामी पांच वर्षों तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

### आकाश चाचाण सह संयोजक नियुक्त

**सिरसा।** आकाश चाचाण को अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा का आई.टी.सैल का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया हैं। अपनी नियुक्ति पर आकाश चाचाण ने प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, प्रदेश मंत्री मुकेश बांसल, प्रदेश सचिव व छात्र-युवा प्रभारी नवदीप बांसल, प्रदेश सयोंजक हिमांशु गोयल सहित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया हैं। 10 सालों से भूमिका निभा रहे हैं।

## 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्साह

# 25 अक्टूबर 1990 को फतेहाबाद से अयोध्या रवाना हुआ था कार सेवकों का जत्था, खून से लाल हो गई थी सरयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री अयोध्या धाम में रामजन्म भूमि पर बने भव्य श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देशभर के रामभक्तों में जबरदस्त उत्साह है।

श्रीराम मंदिर के निर्माण को लेकर सैंकड़ों वर्ष तक रामभक्तों ने संघर्ष किया। इस संघर्ष में फतेहाबाद से भी अनेक रामभक्त इसका हिस्सा रहे हैं और वे भव्य राममंदिर के निर्माण को सपना साकार होना बता रहे हैं। जिले के प्रमुख ट्रांसपोर्टर व समाजसेवी मुरारी मदान भी इन्हीं रामभक्तों में से एक हैं। मुरारी मदान ने 33 वर्ष पूर्व के संस्मरण को याद करते हुए बताया कि अपनी युवावस्था के दौरान जब वह एबीवीपी के महामंत्री थे, उस दौरान उन्हें भी सौभाग्यवश रामकाज में अपनी छोटी आहूति देने का अवसर मिला था। पुरानी यादों को दोहराते हुए मुरारी मदान ने बताया कि 25 अक्टूबर 1990 के दिन वे तत्कालीन भाजपा विधायक बलबीर सिंह के नेतृत्व में फतेहाबाद से कारसेवकों के जत्थे के साथ फतेहाबाद से अयोध्या के लिए रवाना हुए थे। यहां से रोडवेज बस में सवार होकर यह जत्था दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां से वे आगे अपने गंतव्य अयोध्या के लिए रवाना हुए लेकिन उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुलिस ने लखनऊ से उन्हें आगे नहीं जाने दिया।

इसके बाद फतेहाबाद के सभी रामभक्त भाजपा विधायक के नेतृत्व में लखनऊ से पैदल ही अयोध्या की तरफ कूच कर गए। मुरारी मदान ने बताया कि इस दौरान बाराबंकी, गोंडा, रामस्नेही घाट एवं अन्य कई गांवों से होते हुए 4-5 दिन में वे लखनऊ से सरयू घाट तक जा पहुंचे।

### कारसेवकों में शामिल मुरारी मदान ने 33 साल पहले के मंजर को किया ब्यां

#### यूपी पुलिस ने रामभक्तों पर चलाई थी अंधाधुंध गोलियां

मुरारी मदान ने बताया कि अगले दिन हम सब हनुमान गढ़ी रामजन्म भूमि स्थल की और बढ़े, हम जब राम जन्मभूमि स्थल से करीब 200 मीटर दूर थे, तब हमने कोलकाता की कोठरी बंधुओं सहित बहुत सारे रामभक्तों को गुंबद पर राम पताका लहराते देखा तो तभी मुलायम सिंह की पुलिस ने बिना किसी पूर्व चेतावनी के रामभक्तों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। मुरारी मदान ने बताया कि उन्होंने स्वयं अपनी आंखों से कोठारी बंधु व अन्य कार सेवकों को गोली लगने के बाद गुंबद से नीचे गिरते देखा उसके बाद चारों तरफ भगदड़ मच गई। कुछ गोलियां उनसे चंद कदमों पर मौजूद कुछ रामभक्तों को भी लगी, जो उसी समय वहीं ढेर हो गए और वे भी स्वयं भी उस गोलीकांड में बाल-बाल बचे। मुरारी मदान ने बताया कि यह सारा मंजर इतना भयानक था कि उसको याद करके आज भी उनके रोंगटे खड़े हो जाते हैं, चारों तरफ कार सेवकों की लाशों के अंबार लगे हुए थे और सरयू नदी का जल भी रामभक्तों के खून से लाल हो गया था।



फतेहाबाद। मुरारी मदान।

#### बसों में भरकर कारसेवकों को ले गई थी यूपी पुलिस

मुरारी मदान ने बताया कि इसके बाद हजारों कार सेवकों, जिसमें वे स्वयं भी शामिल थे, को यूपी पुलिस खींचकर बसों में भरकर ले गई और लखनऊ स्टेशन के बाहर छोड़ दिया गया। इसके बाद वे लखनऊ से ट्रेन द्वारा वापस दिल्ली पहुंचे और वहां से लैंडलाइन फोन से अपने घर कुशल होने का संदेश भेजा। इसके बाद सभी कारसेवक 5 नवम्बर 1990 को वापस फतेहाबाद लौटे थे। मुरारी मदान ने कहा कि राममंदिर के लिए अपनी जीवन की कुर्बानी देने वाले हजारों रामभक्तों की शहादत अब आखिरकार रंग ला रही है।

## जमाल में जनसंवाद कार्यक्रम सांसद दुग्गल ने सुनीं समस्याएं

# सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं : सांसद

पीएम मोदी और सीएम के नेतृत्व में आमजन तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए।



सिरसा। गांव जमाल में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनती सांसद सुनीता दुग्गल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सांसद सुनीता दुग्गल ने मंगलवार को जिला के गांव जमाल व शाह सतनामपुरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। सांसद ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आमजन तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं,ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहने पाए और उसे मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि शेड्यूल के अनुरूप संकल्प यात्राएं गांव के क्षेत्रों में पहुंच रही हैं, जिसका नागरिकों को पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से आह्वान किया कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी बनती है कि हम स्वयं कार्यक्रम के दौरान उपलब्ध स्टालों पर योजनाओं की जानकारी अवश्य लें, साथ ही अपने परिवारजनों, पड़ोसी और मित्रगण को सूचित करें। उन्होंने कहा कि सरल हरियाणा पोर्टल पर 682 आनलाइन सेवाएं चलाई गई हैं, जिनका घर बैठे नागरिक लाभ ले सकते हैं।

### 20 रुपये में दो लाख का बीमा

सांसद दुग्गल ने प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन 'योति योजना की जानकारी सांझा करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाएं विपत्ति में व्यक्ति का बड़ा सहारा बनती हैं। कोई भी व्यक्ति मात्र 20 रुपये का भुगतान के साथ दो लाख रूपए का बीमा करवा सकते हैं, साथ केवल 436 रुपये जमा करवाते हुए प्रधानमंत्री जीवन 'योति योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अंत्योदय परिवारों को पांच लाख रुपए तक कैशलैश इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है।

# दीपक बने आम आप के जिला मीडिया इंचार्ज

**फतेहाबाद।** आम आदमी पार्टी द्वारा युवा नेता दीपक भाम्भू को संगठन में अहम जिम्मेवारी सौंपी गई है। पार्टी हाईकमान द्वारा दीपक भाम्भू को जिला मीडिया इंचार्ज बनाया गया है। दीपक भाम्भू की नियुक्ति से पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है और उन्होंने इसके लिए दीपक भाम्भू को बधाई दी है। दीपक भाम्भू ने भी जिला मीडिया इंचार्ज की जिम्मेवारी सौंपे जाने पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर, अनुराग ढांडा, लक्ष्य गर्ग व गुरविंदर गरजा सहित सभी शीर्ष नेताओं का आभार जताया और कहा कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई हैं, वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से उसका निर्वाह करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को अधिक से अधिक संगठन से जोड़ने का प्रयास करेंगे। छोटे से छोटे कार्यकर्ता को सम्मान दिया जाता है।



फतेहाबाद। दीपक भाम्भू

- पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे ठीक से निभाउंगा

## पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 11 को पंचायत भवन में कार्यक्रम

**सिरसा।** पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की। योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन आगामी 11 जनवरी को स्थानीय पंचायत भवन में किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारीयों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना के 18 ट्रेड्स जैसे कि बढ़ई, नाव बनाने वाला, सुनार, टोकरी/चटाई/झाडू निर्माता/कॉयर बुनकर, गुड़िया वाला, राजमिस्त्री, मछली पकड़ने का जाल निर्माता, मूर्तिकार (पत्थर तराशने वाला), कैसे लाभ प्राप्त करें के बारे में बताया जाएगा।

# गोशाला में दान किया वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढ़ा

क्षेत्र के गांव नुहियांवाली के एक गोभक्त युवक ने नौकरी लगने पर अपना पहला वेतन गौशाला में दान स्वरूप कमेटी को सौंप दिया। गोभक्त व समाजसेवी सीताराम के पौत्र रोहित गेदर पुत्र प्रेमचंद गेदर ने अपना पहला वेतन 61 हजार रुपए आज राम भक्त हनुमान गौशाला नुहियांवाली में दान किया। जेबीटी अध्यापक विनोद देमीवाल ने बताया कि गोभक्त रोहित गेदर ने गांव के स्कूल से प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद बीएससी होटल मैनेजमेंट करके सीएसएस विभाग में असिस्टेंट सैक्शन ऑफिसर सिलेक्ट हुए है। उन्होंने बताया कि रोहित गेदर सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने यह उपलब्धि बिना किसी कोचिंग के घर बैठकर अपनी प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ संकल्प से अर्जित की है। रोहित ने गौशाला में अपना पहला वेतन दान करके समाज के समक्ष अनूठी, सराहनीय व अनुकरणीय पहल की है। गौशाला कमेटी सदस्यों, ग्राम पंचायत व गांववासियों ने रोहित गेदर को आशीर्वाद देते हुए उसके उ'जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर रोहित गेदर का परिवार, महेंद्र निमीवाल प्रधान, उदय सिंह राजपूत उपप्रधान, दया राम सचिव, कालू राम कोषाध्यक्ष, हनुमान गेदर पूर्व सरपंच, रामचन्द्र स्वामी, ओमप्रकाश सुमरा, अनिल गढ़वाल, ख्याली राम ठेकेदार, सुभाष गोदारा, महेन्द्र गेदर सहित अनेक गांववासी उपस्थित रहे।



सिरसा। नुहियांवाली गौशाला में रोहित गेदर का परिवार कमेटी को राशि भेंट करता।

# आप पार्षदों का जिप चेयरमैन पर कमीशन का आरोप

- कहा, पार्षदों के हिस्से की विकास राशि नहीं दी तो चेयरमैन के निवास के बाहर धरना देगी आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

आम आदमी पार्टी के 6 जिला पार्षदों ने मंगलवार को मीडिया से रूबरू होते हुए जिला परिषद चेयरमैन कर्ण चौटाला व जिला प्रशासन पर विकास राशि में 40 प्रतिशत कमीशन लेने के गंभीर आरोप लगाए। मीडिया से बातचीत करते हुए आप जिलाध्यक्ष हैप्पी रानियां, जिला पार्षद जसदेव सिंह निक्का, गुरभेज सिंह गिल, मनजीत कौर, जिला पार्षद प्रतिनिधि बलविंद्र सिंह बराड़, जिला पार्षद प्रतिनिधि मानक सिंह, जिला पार्षद गुरचरण सिंह फौजी ने संयुक्त रूप से बताया कि एक साल पूर्व सिरसा जिला परिषद का गठन हुआ था।

सिरसा की जनता ने परंपरागत पार्टियों को नकारते हुए पहली बार आम आदमी पार्टी के 6 जिला पार्षद चुनकर जिला परिषद में विपक्ष की भूमिका में भेजे। आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता रोकने के लिए सभी दलों ने मिलकर संयुक्त रूप से इनेलो के कर्ण चौटाला को चेयरमैन बनाया। आम आदमी पार्टी के 6 पार्षद निर्वाचित होकर जिला परिषद हाऊस में गए तो पता चला कि हाऊस में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। पिछले 20 सालों से जिला परिषद की कार्यवाही का संचालन चौटाला हाऊस से किया जा रहा था। आम आदमी पार्टी के पार्षद निर्वाचित होने के बाद प्रशासन को मजबूर होकर जिला परिषद हाऊस की कार्रवाई चौटाला निवास से स्थानांतरित कर जिला परिषद कार्यालय में करनी पड़ी। हाऊस के अंदर जाकर पता चला कि ग्रांटों की 40 प्रतिशत से अधिक राशि कमीशन के रूप में चौटाला परिवार और जिला प्रशासन के बड़े अधिकारी डकार जाते हैं। जिला परिषद हाऊस की पिछले एक साल में सिर्फ 5 मीटिंगें रखी गई, जिसमें से एक मीटिंग में चेयरमैन स्वयं नहीं आए और तीन मीटिंगों को बीच में छोड़कर चले गए।



सिरसा। मीडिया से बातचीत करते जिला पार्षद। फोटो : हरिभूमि

## कुमारी सैलजा की रैली को लेकर रानियां में बैठक आज

**सिरसा।** अनाजमंडी में 28 जनवरी को कुमारी सैलजा की रैली को लेकर 10 जनवरी को रानियां के राज पैलेस में कार्यकर्ताओं की एक बैठक कांग्रेस नेता संदीप नेहरा एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी जिसमें रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा के साथ साथ कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि इस बैठक में बढ़चढकर भाग लें और रैली की सफलता के लिए अपने सुझाव रखे। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता संदीप नेहरा एडवोकेट ने बताया कि कुमारी सैलजा 17 जनवरी से कांग्रेस की जनसंदेश यात्रा की शुरूआत करेंगी।

# भावदीन टोल प्लाजा पर ड्राइवरों और किसानों का धरना जारी



सिरसा। धरने को संबोधित करते मोहित शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

केन्द्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध में भावदीन टोल प्लाजा पर ट्रक चालकों व किसानों का धरना जारी है। मंगलवार को युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहित शर्मा पहुंचे। उन्होंने आंदोलन को समर्थन देते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार की जिद्द का खामियाजा आज देश-प्रदेश भुगत रहे हैं। हिट एवं रन कानून का जो विरोध हो रहा है, वह केंद्र सरकार के आत्ममुग्ध होने की वजह से हो रहा है। इस तरह के कानून बनाने से पहले जनता के बीच आम राय तैयार करने की जरूरत थी, फिर उसी हिसाब से कदम उठाते। लेकिन अपने अड़ियल रवैये के कारण हिट एंड रन कानून में मनमर्जी से किए गए प्रावधान और इन्हें जबरन लागू करने से हर किसी के जीवन पर विपरीत असर पड़ रहा है। मोहित ने कहा कि सबसे 'यादा जरूरत किसी भी सड़क दुर्घटना को लेकर आम लोगों को जागरूक करने की है। लोगों को बताना चाहिए था कि सड़क के तुरंत बाद घायल को अस्पताल पहुंचाना हर किसी व्यक्ति की जिम्मेदारी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का सख्ती से लागू करवाना चाहिए था, जिसमें कहा गया है कि जो भी व्यक्ति घायल को अस्पताल पहुंचाता है, उससे किसी तरह की पूछताछ न की जाए। उसे किसी तरह के कानूनी झमले में न उलझाया जाए। मोहित शर्मा ने कहा कि सरकार लोगों को धरने-प्रदर्शन में उलझा कर रखना चाहती है, इसलिए ही अपनी जिद्द पर अड़ी हुई है। इस मौके पर उनके साथ मनमोहन मिढा, शेखर सोनी, रूपिन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

## बीघड़ में खिलाड़ियों को सम्मानित करते आप सचिव दर्शन लाल

# दिल्ली-पंजाब में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रही आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

खेल खेलने से मनुष्य का शारीरिक विकास व मानसिक विकास होता है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल को बिना किसी द्वेष भावना के खेलना चाहिए। यह बात आम आदमी पार्टी के जिला सचिव दर्शन लाल हांसु ने गांव बीघड़ में ग्राम पंचायत व समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित विशाल क्रिकेट टूर्नामैंट में बतौर मुख्यअतिथि खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कही। इस टूर्नामैंट में 60 से अधिक टीमों ने भाग लिया। मुख्यअतिथि वरिष्ठ आप नेता ने खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें प्रोत्साहित किया। ग्रामीणों ने दर्शन लाल हांसु का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। रोमांचक फाइनल मैच में चूली बागड़ियान की टीम ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। आप नेता दर्शन लाल हांसु ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला सचिव दर्शन लाल हांसु ने कहा कि खेलों से जहां आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। खेल आज केवल मनोरंजन का साधन नहीं रहे, बल्कि खेलों में युवा अपना भविष्य उज्ज्वल भी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार खिलाड़ियों को पूरा प्रोत्साहन दे रही हैं। गांव-गांव में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान का मानना है कि युवाओं को नशे जैसी बीमारी से बचाने के लिए उन्हें खेलों की तरफ आकर्षित करना बेहद जरूरी है, इसे लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार लगातार प्रयासरत हैं। इस अवसर पर सरपंच हरिकिशन, सरपंच प्रतिनिधि मनोज कंबोज, सरपंच प्रतिनिधि सरदार मिंटू, मेंबर सचिन, संजय गोदारा, जगदीश कंबोज, पंजाब सिंह, राजेंद्र गोदारा, राजपाल मोंगा, डॉ. वजीर, अमित बिश्नोई, पारस मोंगा, आत्म प्रकाश, रविंद्र गोदारा, दीप संधू, मोहित, रवि, नरेंद्र, अभिषेक, जोंटी गिल, पूर्व पंच शेर सिंह कदावला, करनैल कदावला, राजेश, नितेश, पप्पा सिंह आदि मौजूद रहे।



फतेहाबाद। गांव बीघड़ में खिलाड़ियों को सम्मानित करते आप जिला सचिव दर्शन लाल हांसु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005